**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**29.04.2024/प्रादेशिक समाचार/1945**

**मुख्य समाचार**

- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस पर एस.सी. एस.टी. व ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय करने का लगाया आरोप।
- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने चुनाव आयोग पर कांग्रेस के साथ सौतेला व्यवहार करने का लगाया आरोप।
- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम किया घोषित–73 दशमलव सात छः प्रतिशत रहा परिणाम।
- पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात व निचले क्षेत्रों में वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी।

**प्रचार–भाजपा**

प्रदेश में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। दोनों प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया हैं। विभिन्न चुनावी रैलियों, नुक्कड़ सभाओं व जनसम्पर्क अभियान के जरिये नेता अपनी अपनी पार्टी के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं और आरोप–प्रत्यारोप का दौर भी जारी है। केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने अपने चुनाव प्रचार के तहत आज हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र की बलोह, चमनेर, धलोट और ताल पंचायतों में चुनावी नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने एस.सी., एस.टी. और ओ.बी.सी. के साथ सबसे ज्यादा अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि आंध्रप्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस सरकारों ने एस.सी.एस.टी और ओबीसी का हक छीनकर मुस्लिम समुदाय को दिया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर की भी अनदेखी की है, जबकि भाजपा ने उन्हें मान सम्मान दिया और संविधान दिवस भी मनाया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने चुनाव के दौरान दी गई किसी भी गारंटी को अब तक पूरा नहीं किया है।

**जयराम**

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा है कि देश और हिमाचल के लोगों ने तय कर लिया है कि अब सिर्फ काम करने वालों को ही वोट देना है न कि काम बंद करने वालों को। मंडी ज़िला के करसोग में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पक्ष में एकजुट होकर कार्य करने का आहवान किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस बार के चुनाव में लोग प्रदेश में

भाजपा के सभी प्रत्याशियों को चुनकर अपने मुद्दे उनके माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक पहुंचाकर प्रदेश के विकास को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। जयराम ठाकुर ने कहा कि बारिश के बावजूद करसोग में उमड़ा जनसैलाब, बड़ी जीत का स्पष्ट संदेश दे रहा है।

दूसरी ओर मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी व कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने द्रंग निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भुभूजोत टनल का निर्माण उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हाल ही में इस क्षेत्र में करीब एक सौ 7 करोड़ रुपये की धनराशि से सड़कों के स्तरोन्नयन का कार्य किया है और जनसहयोग से हर विकास को पूरा किया जाएगा।

## प्रचार–कांग्रेस

कांग्रेस के हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र प्रभारी अनीस अहमद ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र ने लोगों के साथ किए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है। भोरंज के विभिन्न स्थानों पर आज चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र में पिछले 10 साल से जुमलों की सरकार चल रही है। इधर शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने कहा है कि क्षेत्र में विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी और लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। चौपाल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आज उन्होंने चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के अलावा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठके की। सुल्तानपुरी ने कहा कि भाजपा हमेशा ही क्षेत्रवाद और जातिवाद की राजनीति कर लोगों को बांटने की कोशिश करती रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने लोगों से विनोद सुल्तानपुरी को भारी मतों से विजयी बनाने का आग्रह किया।

## जगत सिंह नेगी

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने चुनाव आयोग पर कांग्रेस के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों से संबंधित 27 मामले आयोग के पास अनुमति के लिए लंबित हैं और आयोग जानबूझकर इन मामलों को लटकाने का काम कर रहा है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के चलते नियमित तौर पर होने वाले आवश्यक कार्य पूरी तरह ठप्प पड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में मौसम के अनुरूप ही सड़कों या अन्य जनहित से जुड़े कार्य होते हैं, ऐसे में अगर समय रहते ये कार्य पूरे नहीं हुए तो इससे लोगों को नुकसान होगा। जगत सिंह नेगी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले ही प्रदेश सरकार ने आवश्यक व नियमित कार्यों को

पूरा करने की अनुमति आयोग से मांगी थी लेकिन अभी तक इस संबंध में कोई अनुमति नहीं मिली है। राजस्व मंत्री ने प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए जनहित से जुड़े सभी कार्यों को पूरा करने की अनुमति प्रदान करने का चुनाव आयोग से आग्रह किया है।

**परीक्षा परिणाम**

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आज 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने बताया कि जमा दो की परीक्षा में तीनों संकायों में 85 हजार 7 सौ 77 परीक्षार्थी बैठे थे, जिनमें से 63 हजार 92 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं, जबकि 13 हजार 2 सौ 76 की कम्पार्टमेंट आई है। परीक्षा परिणाम 73 दशमलव सात छः प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि जमा दो के परीक्षा परिणाम की मैरिट के पहले दस स्थानों में 41 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है, जिनमें 30 छात्राएं और 11 छात्र शामिल हैं। पहले दस स्थानों में सरकारी संस्थानों के 10 विद्यार्थी जबकि निजी संस्थानों के 31 छात्रों ने जगह बनाई है।

**बिंदल–अवस्थी**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने दावा किया है कि भाजपा 4 सौ का आंकड़ा पार करेगी और प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी। सिरमौर जिले के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नग्गर मे आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मलेन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश की अर्थव्यव्स्था 11वें से 5वें पायदान पर पहुंची है और प्रदेश के विकास में भी कोई कमी नहीं रखी गई है। सम्मेलन के दौरान उन्होंने केंद्र की अन्य उपलब्धियों को गिनाते हुए कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा।

दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी ने कहा कि अब प्रदेश के लोग भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जान चुके हैं और उसे अब प्रदेश में सत्ता के सपने देखना छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा सांसद सुरेश कश्यप ने अपने कार्यकाल में न तो कोई विकास कार्य करवाया और न ही कभी जनता के बीच गए। अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस केंद्र की कथित जनविरोधी नीतियों और प्रदेश सरकार की डेढ़ वर्ष की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी और जीत हासिल करेगी।

**संगोष्ठी**

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में लौकिक सौहार्द के लिए वैदिक ज्ञान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आज शुरू हुई। दो दिवसीय इस संगोष्ठी का उद्देश्य वैदिक ज्ञान की गहन अंतरदृष्टि और लौकिक सौहार्द को बढ़ावा देने में उनकी प्रासंगिकता पर चर्चा करना है। केरल के राज्यपाल

आरिफ मोहम्मद खान ने संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वैदिक ज्ञान की प्रासंगिकता वास्तविकता के एक अभिन्न, समग्र और आध्यमिक दृष्टिकोण व उस पर आधारित जीवन के मार्ग की विशेषता है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि वैदिक ज्ञान का सबसे बड़ा योगदान इसका अनूठा दृष्टिकोण है। ये दिव्यता के मानवीय पहलुओं को पहचानते हुए मानवता की दिव्य प्रकृति पर जोर देता है। संगोष्ठी में देशभर से लगभग 20 विद्धान भाग ले रहे हैं।

**मौसम**

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते प्रदेश के अधिक उंचाई वाले इलाकों में रूक–रूक कर हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा व ओलावृष्टि से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जनजातीय ज़िला लाहौल स्पीति के कुंजुम दर्रा, बारालाचा और रोहतांग दर्रा सहित रिहायशी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण मनाली लेह सड़क मार्ग पर दारचा से आगे वाहनों की आवाजाही बंद है। वहीं ग्राम्फू –काजा– समदो सड़क से बर्फ हटाने का कार्य भी प्रभावित हुआ है। बेमौसमी बारिश व बर्फबारी से घाटी के किसान व बागवान चिंतित हैं और मटर, व गोभी की बुआई में विलम्ब हो रहा है। अत्याधिक बर्फबारी व बारिश से घाटी में भूस्खलन का खतरा भी बढ़ गया है। कुल्लू जिले के पर्यटक स्थलों सोलंगनाला, अटल टनल धुंधी और कोठी में भी ताजा बर्फबारी हुई है जिसका यहाँ घूमने पहुंचे पर्यटकों ने खूब आनंद लिया। इस बीच मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात जबकि अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है।

**स्वीप कार्यक्रम**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उप–चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के जरिये मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में लाहौल स्पीति ज़िले में विपरित परिस्थितियों व बर्फबारी के बीच स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। ज़िला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार की अध्यक्षता में आज खराब मौसम और बर्फबारी के बीच कोकसर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया और युवा मतदाताओं से लोकतंत्र के पर्व में बढ़चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई। उन्होंने सभी युवाओं से 4 मई तक मतदाता पंजीकरण करने का आहवान भी किया। उधर चंबा मुख्यालय में साईकल रैली का आयोजन किया गया। जिसके जरिये मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।